पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर एल्यूमनाई एवं 71 वॉ महाविद्यालय स्थापना दिवस हर्षोल्लास से संपन्न

आज दिनांक 08 जुलाई 2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत 71 वॉ पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय स्थापना दिवस एवं 20 वॉ जबलपुर पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय एल्यूमनाई जिसमें भूतपूर्व एवं अध्ययनरत् छात्रों का एक दिवसीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन प्रातः 10:30 बजे से महाविद्यालय सभागार में माननीय डॉ. जी.पी. मिश्र, पूर्व कुलपति एवं उनकी अध्यक्षता तथा डॉ. चौबा सिंह, निर्देशक पशुपालन विभाग, मणिपुर के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में श्री कमलेश अग्रवाल एम.आई.सी. सदस्य, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, अध्यक्ष, जे.व्ही.सी. एल्युमनाई, डॉ. ए.डी. गोडवोले व डॉ. कोले, (महाराष्ट्र चेप्टर), डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता महाविद्यालय एवं डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, सचिव, जे.व्ही.सी. एल्युमनाई मंचासीन रहे। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के आगमन एवं आसंदी ग्रहण करने के पश्चात् सरस्वती पूजन एवं विश्वविद्यालय गान के बाद वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ.ओ.पी. श्रीवास्तव, जे. व्ही.सी. एल्युमनाई द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम की श्रृखंला में महाविद्यालय के मेधावी व प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को 19 स्वर्ण पदक व प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें बी.व्ही.एस.सी. एवं ए.एच. (स्नातक वर्ग) की ड्डॉ. रागिनी मिश्रा को सर्वाधिक 8, डॉ. श्रेया दुबे को 3, डॉ. सोनाली नामदेव को 2, डॉ. ऋषभ चुग को 2 एवं डॉ. तशीना राय चौधरी को 1 स्वर्ण पदक मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। इसके

साथ ही एम.व्ही.एस.सी एवं ए.एच. (स्नानात्कोतर वर्ग) की डॉ. असिथा सुरेश, डॉ. मनु जायसवाल, एवं डॉ. स्वाती सोनम को क्रमशः 1–1 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। कार्यक्रम की श्रृंखला में जे. व्ही.सी. एल्युमनाई का न्यूज लेटर व प्रसार गतिविधियों का वार्षिक कलेण्डर वर्ष 2019 का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम इसी श्रृखंला में श्री कमलेश अग्रवाल, पार्षद व एम.आई.सी. सदस्य ने अपने उद्‌बोधन में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, मेधावी छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्राप्त होने के अवसर पर उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की, तथा महाविद्यालय के प्रांगण में सड़क निर्माण हेतु राशि रु 50लाख व बच्चों के लिए एक सुसज्जित पार्क व नियमित शारीरिक अभ्यास हेतु उपकरणों को उपलब्ध करवाने की घोषणा की है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा व आभार प्रदर्शन डॉ. अमिता तिवारी ने किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में जबलपुर पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय एल्युमनाई की सामान्य बैठक का आयोजन हुआ जिसमें जे.व्ही.सी. एल्युमनाई,के अध्यक्ष द्वारा अपने उद्‌बोधन में एल्युमनाई से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की श्रृंखला में 75 वर्ष व 50 वर्ष का वैवाहिक जीवन पूर्ण करने पर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् एल्युमनाई के कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक वित्तीय लेखा–जोखा की प्रस्तुति के साथ–साथ बैठक में एल्युमनाई से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श करते हुए, आगामी रूप रेखा तैयार की गई। जिससे भविष्य में जबलपुर पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय एल्युमनाई अपनी प्रतिष्ठा को कायम रखते हुए, प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर हो सके।

इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र–छात्राओं संस्कारधानी के प्रबुध्दजनों, सेवानिवृत्त प्राध्यापकों/वेज्ञानिकों विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता गण संचालक गण, प्रशासनिक अधिकारियों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों का सहयोग एवं उपस्थिति सराहनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,
अधारताल जबलपुर (म.प्र.)